Padma Shri

SMT. CHARLOTTE CHOPIN

Smt. Charlotte Chopin is a French Yoga teacher who is still active as a yoga teacher at the age of 101.

2. Born on 11th December, 1922 in Germany, Smt. Chopin grew up first in Germany and then in Alsace, France. At a young age, she got a prize for her good results at school. Unfortunately, during the Second World War, evicted from their apartment, her parents migrated to the South of France where she worked for the French Red Cross. After the Second World War, she was in the services of the German Affairs Commission, under the authority of the French Chief Command in Germany, depending on the Ministry of Foreign Affairs of France. Then she worked in two private companies. During the 1950s, she went to Africa with her husband working in an import export company. In Cameroon, she was executive secretary at the port of Douala. She worked as Executive Secretary during her professional life in Europe and in Africa before dedicating her life to the education of her children.

3. Back in France, Smt. Chopin devoted herself to the raising up of her four children. In 1972, at the age of 50, she discovered yoga and liked it immediately. Ten years later in 1982, she alongwith her husband moved to another city, where advised by her yoga teacher, she started to teach Yoga. Although she never went to India, she was trained by Shri B.K.S. Iyengar on two occasions, in 1985 in Paris and in 1986 in Tours. In 2022, she participated in a very popular TV show (Got Talent) where the audience was very impressed by the performance of a 99 years old lady. She was followed by many media requests: regional and national newspapers, radio stations, podcasts, TVs and internet reports. The French President Shri Emmanuel Macron wrote a letter to her on her 100th birthday. She was made honorary citizen in the Town Hall of her city on her 100th birthday. Next day, she was filmed in Sirsasana just before receiving a Golden Like from the popular FR3 TV channel. In July, 2023, she had a private interview with the Indian Prime Minister Shri Narendra Modi who was the National Day Guest of Honour of France.

4. Smt. Chopin has 51 years of practice and 41 years of teaching of Yoga. During the last 3 years of her long life, she did not seek or plan anything: media and honours came to her. Amazingly her mediatic exposure offered an opportunity of a much wider promotion of yoga.

श्रीमती शारलोत शोपाँ

श्रीमती शारलोत शोपाँ एक फ्रांसीसी योग शिक्षक हैं जो 101 वर्ष की आयु में भी योग की शिक्षा दे रही हैं।

2. 11 दिसंबर, 1922 को जर्मनी में जन्मी, श्रीमती शोपाँ पहले जर्मनी में और फिर अलसैक, फ्रांस में पली–बढ़ीं। छोटी उम्र में ही उन्हें स्कूल में उत्कृष्ट परीक्षा परिणामों के लिए पुरस्कार मिला। दुर्भाग्य से, द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान, उनके माता–पिता को अपने अपार्टमेंट से बेदखल कर दिया गया और वे फ्रांस के दक्षिणी इलाके में रहने चले गए। वहां उन्होंने फ्रेंच रेड क्रॉस के लिए काम किया। द्वितीय विश्व युद्ध के बाद, वह जर्मनी में फ्रांसीसी मुख्य कमान के तहत जर्मन अफेयर्स कमीशन में काम करने लगीं, जो फ्रांस के विदेश मंत्रालय के अधीन था। इसके बाद उन्होंने दो निजी कंपनियों में काम किया। 1950 के दशक के दौरान, वह एक आयात निर्यात कंपनी में काम करने वाले अपने पति के साथ अफ्रीका चली गयीं। कैमरून में, उन्होंने दोआला बंदरगाह पर कार्यकारी सचिव के रूप में काम किया। उन्होंने अपने पेशेवर जीवन के दौरान यूरोप और अफ्रीका में कार्यकारी सचिव के रूप में काम किया। इसके बाद उन्होंने अपने बच्चों की शिक्षा के लिए अपना जीवन समर्पित कर दिया।

3. फ्रांस वापस आकर श्रीमती शोपाँ अपने चार बच्चों के पालन–पोषण में पूरा समय लगाने लगीं। 1972 में, 50 वर्ष की उम्र में, उन्हें योग के बारे में पता चला जिसमें उन्हें तुरंत रुचि हो गई। दस वर्ष बाद 1982 में, वह अपने पति के साथ दूसरे शहर चली गईं, जहां अपने योग शिक्षक की सलाह पर उन्होंने योग सिखाना शुरू किया। हालांकि वह कभी भारत नहीं गईं, लेकिन श्री बी.के.एस. अयंगर ने दो बार उन्हें प्रशिक्षण दिया, 1985 में पेरिस में और 1986 में टूर्स में। 2022 में उन्होंने एक बेहद लोकप्रिय टीवी शो (गॉट टैलेंट) में हिस्सा लिया जहां 99 वर्षीया महिला की परफॉर्मेंस से दर्शक काफी प्रभावित हुए। इसके बाद उन्हें मीडिया यानी क्षेत्रीय और राष्ट्रीय अखबार, रेडियो स्टेशन, पॉडकास्ट, टीवी और इंटरनेट रिपोर्ट में उन्हें जगह मिली। फ्रांस के राष्ट्रपति श्री इमैनुएल मैक्रॉन ने उनके 100वें जन्मदिन पर उन्हें पत्र लिखा। उनके 100वें जन्मदिन पर उनके शहर के टाउन हॉल में उन्हें मानद नागरिक का दर्जा दिया गया। अगले दिन, लोकप्रिय FR3 टीवी चैनल से गोल्डन लाइक प्राप्त करने से ठीक पहले शीर्षासन में उन्हें फिल्माया गया। जुलाई 2023 में, उन्होंने फ्रांस के राष्ट्रीय दिवस के अवसर पर, विशिष्ट अतिथि भारतीय प्रधान मंत्री श्री नरेंद्र मोदी के साथ एक प्राइवेट इंटरव्यू किया।

4. श्रीमती शोपाँ ने 51 वर्ष तक प्रैक्टिस की है और उन्हें योग सिखाने का 41 वर्ष का अनुभव है। अपने दीर्घ जीवन के आखिरी 3 वर्षों के दौरान, उन्होंने कुछ भी मांगा नहीं और न कोई योजना बनाई, मीडिया और सम्मान खुद उनके पास आए। आश्चर्यजनक रूप से, मीडिया द्वारा उन्हें प्रमुखता दिए जाने से योग का काफी प्रचार–प्रसार हुआ।